फोन नं0 : 05262-232994 कार्यालय
website : lbsdc.org.in
e-mail : principalslbsdc@gmail.com

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा - 271003 (उ.प्र.)
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA - 271003 (U.P.)

अपील

प्रिय साथियों, छात्रों एवं अभिभावकों,

स्थानीय नगर पालिका के चुनाव दिनांकः 04 मई, 2023 को सम्पन्न होंगे। लोकतांत्रिक चुनाव में मतदाताओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। लोकतंत्र में यदि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न न हो तो लोकतंत्र सफल नहीं हो सकता।

भारत निर्वाचन आयोग ने इसी क्रम में स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाताओं को अपने अधिकार तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए युवाओं को महत्वपूर्ण घटक के रूप में चिन्हित किया है तथा राष्ट्रीय सेवा योजना को इस कार्य हेतु अंगीकृत किया है।

अतः सभी स्वयं सेवकों, छात्र/छात्राओं, कार्यक्रमाधिकारियों से यह अनुरोध है कि निष्पक्ष निर्वाचन हेतु मतदाताओं को जागरूक करें, जिससे वे निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। जाति, पंथ, क्षेत्रवाद आदि से ऊपर उठकर लोकतंत्र की मजबूती हेतु अपने मत का प्रयोग करें।

आइये हम सब गोण्डा वासी शपथ ले कि हम शत प्रतिशत मतदान में प्रतिभाग करने के साथ–साथ निष्पक्ष होकर मत का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस पर्व को शान्तिपूवक मनायेंगे।

जय मतदाता, जय लोकतंत्र।

(प्रो0 रवीन्द्र कुमार)
प्राचार्य